Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्टार्ट अप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन नाम से इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्टार्ट अप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नवोत्थान स्टार्टअप फाउंडेशन नाम से इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया है। जिसमें कार्यरत छह स्टार्ट अप को ग्रेटर नोएडा में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में इनक्यूबेशन मैनेजर किरन कुमारी जी द्वारा लाया गया, जिसमें कॉलेज डायरेक्टर प्रोफेसर रचना अस्थाना, कंपनी मैनेजर डॉ॰ बी डी के पात्रो, डॉ॰ रवीश सिंह राजपूत और इनक्यूबेशन सेंटर कोऑर्डिनेटर श्री विजय तिवारी द्वारा पूरा सहयोग दिया गया।

ट्रेड शो में गए हुए स्टार्ट अप में एक आगरा आधारित गरिमा कपूर जी द्वारा स्थापित प्लांटेबल्स नामक स्टार्ट अप मुख्य रूप से बीज कागज आधारित उत्पादों और पैकेजिंग पर आधारित इको फ्रेंडली स्टार्ट अप है।

वहीं दूसरी ओर कानपुर आधारित वैशाली बियानी जी द्वारा स्थापित डे'डिज़ाइन नामक स्टार्ट अप में अपने डिजाइनर और आरामदायक फर्नीचर उत्पादों से शो में आए हुए लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

वहीं इत्र नगरी कन्नौज आधारित कृति टंडन और वरुण टंडन द्वारा स्थापित स्टार्ट अप बूंद फ्रेगरेंस और गौतम शुक्ला द्वारा स्थापित फ्रैग्रेंट इंडिया नामक स्टार्ट अप ने अपने शहर की खुशबू से पूरे ट्रेड शो में लोगों का ध्यान अपने ओर खींचा और इत्र नगरी के इत्र की महक को पूरा ट्रेड शो में फैलाया।

कन्नौज आधारित अभिनव कुमार द्वारा स्थापित लीच्ट एलईडी एक ग्रामीण आधारित स्टार्टअप ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जो मुख्य रूप से 'वोकल फॉर लोकल' के लिए काम कर रहा है और सौर ऊर्जा का निर्माण कर रहा है। यह स्मार्ट लाइटिंग और पवज आधारित उत्पादों के निर्माण में कार्यरत स्टार्ट अप है।

इनक्यूबेशन सेंटर से कार्यरत आगरा आधारित रूबी राठौर और राहुल राठौर द्वारा स्थापित रूपरिभा इलेक्ट्रिकल्स ने भी सौर ऊर्जा संबंधित अपने इलेक्ट्रिकल उत्पादों से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित खींचा।

Saxena

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज